# सैनिकों के शौर्य से नतमस्तक हुए दुश्मन

## कांग्रेस ने जयहिंद यात्रा निकाल कर जताई सेना के प्रति कृतज्ञता

**उमरिया 14 मई 25 (उमरिया खबर)।** कांग्रेस ने मंगलवार को जयहिंद यात्रा निकाल कर देश की सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। शाम करीब 6 बजे यात्रा नगर के रानी दुर्गावती चौक से रवाना हुई। जिसमे सैकड़ों कार्यकर्ता हाथों मे तिरंगा तथा पार्टी का झण्डा लिये चल रहे थे। इस दौरान रास्ते भर देशभक्ति के गीतों के बीच सशस्त्र बलों के समर्थन मे नारेबाजी होती रही। पुराना बस स्टेण्ड परिसर ए जयस्तंभ होते हुए जय हिंद यात्रा गांधी चौक पहुंची। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय सिंह ने कहा कि बीते 22 अप्रेल को आतंकवादियों द्वारा पहलगाम मे निहत्थे नागरिकों की नृशंस हत्या की गई। जिसके बाद भारतीय सेना ने कायर आतंकियों उनके आका पाकिस्तान के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही शुरू की।



**दिया पूरी दुनिया को संदेश-** श्री सिंह ने कहा कि वीर सैनिकों ने अपने शौर्य और पराक्रम से कुछ ही दिनो मे दुश्मन को नतमस्तक कर एक बार फिर पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि कोई भी भारत को कमजोर समझने की भूल न करे। श्री सिंह ने कहा कि सैनिकों का त्याग और तपस्या अनुकर्णीय है। उन्ही की वजह से देश की सीमायें सुरक्षित हैं और हम सभी अपने घरों मे परिवार के सांथ चैन से रह पा रहे हैं। कांग्रेस असीम श्रद्धाए सम्मान और आदर सहित सेना के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती है।

**पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान-** इस मौके पर चार पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। जिनमे राजा भईया सिंह बद्री सोनी अभिनव सिंह तथा मनीष सिंह शामिल हैं। कार्यक्रम मे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय सिंह पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा ठाकुरदास सचदेव त्रिभुवन प्रताप सिंहए अमृतलाल यादव प्रवक्ता अशोक गौटिया उदय प्रताप सिंह इंजी विजय कोल ब्लाक अध्यक्ष शिशुपाल यादव संतोष सिंह विजेन्द्र सिंह अब्बू अशोक मिश्रा ध्रुव सिंह ओमप्रकाश सोनी निरंजन सिंह मो.आजाद मयंक प्रताप सिंह सतवंत सिंह अंजू सिंह शकुंतला धुर्वे सावित्री सिंह रामायणवती कोल रघुनाथ सोनी पीएन राव मिथिलेश राय संजय पाण्डेय नासिर अंसारी संदीप यादव वासुदेव डंटिया प्रहलाद यादव अशोक गुप्ता ताजेंद्र सिंह मोहित सिंह सोमचंद वर्मा अयाज खान उमेश कोल विक्रम सिंह वंशरूप शर्मा जमुना अग्रवाल राजू सिंह करण सिंह मंगल सिंह मेवालाल गुप्ता बाबूलाल प्रजापति कृष्णपाल सिंह सुशील सिंह भोला यादव उत्तरा लोधी विमल कोल शोभा सिंह आयुष सिंह मोण् खुर्रम किशोर सिंह शंकर भदोरिया बालकृष्ण यादव राजेंद्र महोबिया रोहित तिवारी कमलेश यादव मनोज यादव रणजीत सिंह समेत भारी तादाद मे कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुये।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का प्रांतीय अभ्यास वर्ग कल्याण आश्रम अमरकंटक में संपन्न

**शहडोल ( मृगेन्द्र पाठक ) 14 मई 25 (उमरिया खबर)।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल के अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा दी गई लिखित जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का प्रांतीय अभ्यास वर्ग दिनांक 9 मई से 12 मई तक कल्याण आश्रम अमरकंटक के विशाल सभागार में संपन्न हुआ इस अभ्यास वर्ग के संयोजक महेंद्र त्रिपाठी एवं सहसंयोजक अनिल कुमार सिंह एवं अरुण कुमार मिश्रा रहे अध्यक्ष सहित पूरी संभागीय कार्यकारिणी तीनों जिलों शहडोल उमरिया एवं अनूपपुर के अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी कार्यक्रम में आयोजन सदस्य की समान सहभागिता थी कार्यक्रम निर्धारित विभिन्न निर्धारित सत्रों में संपन्न हुआ कार्यक्रम में एबीआरएसएम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर भाई साहब उपस्थित रहे साथ ही एबीआरएसएम से छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा के संयोजक आरडी शर्मा एबीआरएसएम के कोषाध्यक्ष संजय रावत जी एबीआरएसएम की उपाध्यक्ष मोहन जी पुरोहित एबीआरएसएम के क्षेत्रीय प्रमुख गिरीश अग्निहोत्री जी मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ के सहसंयोजक लखीराम इंगले उपस्थित होकर विभिन्न शास्त्रों में अपना मार्गदर्शन दिया शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौड़ महामंत्री राकेश गुप्ता संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पूनी जी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ विभिन्न तीन दिवस के 14 सत्रों में मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ एक राष्ट्र एक चुनाव भारतीय नारी शक्ति का सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण संगठन के उद्देश्य संगठन की सदस्य संख्या पंच परिवर्तन अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई संगठन द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान शाल श्रीफल के साथ.साथ प्रतीक चिन्ह मोमेंटो के रूप में नर्मदा मां की प्रतिमा सभी अतिथियों को भेंट की गई प्रदेश भर से आए हुए 300 कार्यकर्ता साथियोंको एक जैसा भगवा अंग वस्त्र प्रदान किया गया समापन अवसर पर सभी आए हुए अतिथि एवं शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथियों के द्वारा अभ्यास वर्ग को ऐतिहासिक अविस्मरणीय एवं अद्भुत बताया सभी ने रहने खाने ठहरने एवं कार्यक्रम स्थल की दिल से प्रसन्नता व्यक्त की गई इसके साथ.साथ सभी संभाग के आयोजन समिति के साथियों की सभी के द्वारा प्रशंसा की गई आयोजन समिति के संयोजक सहसंयोजक प्रदेश सेवा आयाम प्रमुख तीनों जिलों के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं समस्त जिला कार्यकारिणी तहसील ब्लाक नगर जो सभी आयोजन समिति के सदस्य थे संभाग की आयोजन समिति प्रदेश से आए हुए सभी पदाधिकारी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं 300 से अधिक संख्या में आए हुए सभी प्रतिभागियों का समिति आभार व्यक्त करती है साथ ही हमारे संभाग के सभी समिति के सदस्यों का भी आयोजन समिति की तरफ से आभार व्यक्त किया जाता है और भविष्य में भी अपेक्षा की जाती है कि जब भी संभाग को कोई कार्यक्रम दिया जाएगा इसी प्रकार से तन मन धन से सहयोग प्रदान किया जाएगा अंत में आभार प्रदर्शन डॉण्नरेंद्र पटेल संभागीय संगठन मंत्री द्वारा कल्याण आश्रम के प्रमुख हिमाद्री मुनी एवं आश्रम के सभी संतो के साथ.साथ आए हुए राष्ट्रीय पदाधिकारीएप्रांतीय पदाधिकारीएसंस्था की प्राचार्यएअधीक्षक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीएसीएमओए तहसीलदारए एसडीएम इसके अलावा प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगी सभी जनों का आभार व्यक्त किया गया।




# ओसीपी कोल यार्ड में लगी भीषण आग से करोड़ों का कोयला स्वाहा, छह माह से दी जा रही चेतावनी को किया गया नजरअंदाज

**कोतमा (राजकिशोर सोनी) 14 मई 25 (उमरिया खबर)।** कोल




इंडिया की हह कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के जीवन दायिनी आमाडाड़ क्षेत्र स्थित ओसीपी (ओपन स्टोरेज पॉइंट) कोल यार्ड में 12 मई 2025 को एक भीषण आग लगने की घटना सामने आई जिसमें वर्षों से जमा कोयले का बड़ा भंडार जलकर स्वाहा हो गया। आग बुझाने के सभी प्रयास विफल साबित हुए जिससे कंपनी को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसारए आमंडाड़ ओसीपी में वर्षों से रखा गया करीब 3 लाख टन कोयला धीरे.धीरे गर्मी और रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण सुलग रहा था जिसकी जानकारी कोयला मजदूर सभा ने कई बार पत्रों के माध्यम से प्रबंधन को दी थी। उन्होंने कोयले को समय रहते रोड सेल या गोविंदा साइडिंग के माध्यम से निकालने की मांग की थी। लेकिन प्रबंधन की अनदेखी के कारण यह संकट गहराता गया। सूत्रों का कहना है कि पिछले कई महीनों से नीलकंठ कंपनी द्वारा पुराने स्टॉक को छोड़कर नया कोयला ही रोड सेल को भेजा जा रहा था। नीलकंठ का कोयला नहीं गिरने से रोड सेल ट्रांसपोर्टर और प्रबंधन के बीच विवाद की स्थिति बनी रहीए जिससे कोयले की निकासी रुक गई। घटना के दिन आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया जिसका वीडियो भी सामने आया है लेकिन तब तक कोल यार्ड का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आ चुका था। क्षेत्र में धुएं और बदबू का असर फैल चुका है जिससे स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना से न केवल कंपनी को आर्थिक नुकसान हुआ है बल्कि पूरे राज्य को कोयले की आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। यदि इसी प्रकार ओसीपी में विसंगतियां चलती रहीं और उन पर रोक नहीं लगी तो संगठन मजबूरन महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष आंदोलन और उच्च स्तर पर शिकायत करने के लिए बाध्य होगा। कोयला मजदूर सभा ने सीबीआई जांच की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।



















# पुलिस की ताकत बने पुलिस से जुडे और देश भक्ति की भूमिका अदा करे- विरेंद्र धार्वे

**■पुलिस ने सुरक्षात्मक बैठक आयोजित की युद्ध नितियो के साथ साथ सुरक्षा पर जागरूक किया■नागरिक सुरक्षा सदस्य व वैलेंटियरो की होगी सीधी भर्ती**

विजयराघवगढ (निजाम भाई ) 14 मई 25 (उमरिया खबर)।न्यूज अंतर्गत थाना परिसर मे आज आला अधिकारियों की उपस्थिति मे नगर के



गणमान्य नागरिको जन प्रतिनिधियों पत्रकारों के बीच थाना प्रभारी ने देश के हालातों को लेकर सुरक्षात्मक बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना तथा पुलिस व्यवस्था मे सहयोग करना था। बैठक के दौरान एसडीओपी विरेंद्र धार्वे ने सभी उपस्थित जनो से कहा की सभी लोग जागरूक हो किसी तरह की अफवाह न फैलाए न ही अफवाहों मे विश्वास करे। हिन्दू मुस्लिम जाति धर्म को लेकर किसी भी तरह के विवाद न करे मिल कर रहे अपराधिक गतिविधियों की जानकारी लगे या संका हो तो पुलिस को बताए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अनेको तरह की लिंक आ रही है जो मोबाईल को हैक कर आप की सम्पूर्ण जानकारी ले सकते हैं ऐसी किसी भी लिंक को टच न करे साथ ही थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने सभी से क्षेत्रीय गतिविधियों की जानकारी मांगी तथा कहा की कोई भी व्यक्ति शक के दायरे मे दिखे तो तुरंत जानकारी दे संदिग्ध वस्तु न छुऐ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दूसरो की पोस्ट फार्वड करने से बचे बिना सत्यता की जानकारी के कोई पोस्ट न करे अन्यथा कानूनी कार्रवाई हो सकती है। पाकिस्तान से सम्पर्क मे रहने वाले किसी भी व्यक्ति की जानकारी हो तो पुलिस से जानकारी साझा करे। बीएमओ डाक्टर विनोद कुमार ने कहा की जिला प्रशासन से लेकर ब्लाक स्तर ग्रामीण छेत्र मे प्रशासन द्वारा जागरूक किया जा रहा है युद्ध समाप्त हो गया है किन्तु पूरी तरह हालत नियंत्रण मे नही है पाकिस्तान पर भरोसा करना हमारी चुक होगी। तहसीलदार मनीष शुक्ला ने कहा की लोगो को जागरूक होना चाहिए यह एक व्यक्ति की सुरक्षा का मामला नही पूरे देश और देशवासियों का मामला है हमे गम्भीर होना चाहिए प्रशासनिक अधिकारी पुलिस आप लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। आप की हरकत कानून को कार्यवाई के लिए प्रेरित करेगी। अंत मे एसडीओपी विरेंद्र धार्वे तहसीलदार मनीश शुक्ला थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने मिडिया के माध्यम से भी बैठक के विषय मे जानकारी साझा की और कहा मिडिया एक विश्वासनिय स्तम्भ है जो समाज तक सच्चाई बताती है। सोशल मीडिया पर कुछ भी अफवाहे अगर फैलती है तो उसकी जानकारी आप लोग सच्चाई के साथ बताए। हर व्यक्ति को बताए की अगर युद्ध के हालात निर्मित होते है तो किस तरह जागरूक रहते हुए अपनी व अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा करे।

<u>पुलिस विभाग से जुड कर सदस्य या वोलेंटियर बने-</u> एसडीओपी विरेंद्र धार्वे थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने सभी वर्ग के युवाओं से आग्रह पूर्वक कहा की पुलिस बल की ताकत हर नौ जवान बन सकता है पुलिस द्वारा नागरिक सुरक्षा सदस्य बनाए जा रहे है। तथा वैलेंटियरो की भर्ती की जा रही है जो पुलिस की ताकत बनेंगे पुलिस को गांव गांव हर कस्बे व नगर मुहल्ले की जानकारी देंगे वैलेंटियर एक जिम्मेदार पुलिस का मुखबिर के रूप मे होगा। सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा यह कदम उठाए जा रहे है। इस दौरान एसडीओपी विरेंद्र धार्वे तहसीलदार मनीश शुक्ला बीएमओ डाक्टर विनोद कुमार एथाना प्रभारी रितेश शर्मा कांटी मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चौहान बंजारी सरपंच पति छोटे चच्चा पार्षद स्तफाक खान एडवोकेट मंजुलता वर्मन अंशुल सराफ निजाम भाई माधुरी मिश्रा बलराम गुप्ता देवांशु कछवाहा मज्जू कोल जयराम साकेत अंजनी झा उपनिरीक्षक आर के झारिया अरविंद गर्ग मीना धुर्वे पप्पू प्रजापति जय सिंह ठाकुर जगदीश पांडे नेहा सिंह मुकेश सिंह आदि उपस्थित रह कर पुलिस की बैठक मे एक दूसरे से बाते साझा की तथा सभी ने संकल्प लिया की हर व्यक्ति को जागरूक करेगे सभी को सुरक्षित रखने की ट्रेनिंग देगे पुलिस की व्यवस्था पर अपना सहयोग करेगे।

# प्राचीन बौद्ध स्थल भरौली में मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत

बरही(हीरालाल जायसबाल ) 14 मई 25 (उमरिया खबर)।सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही में मरीजों को फलदान



साथ किया गया तत्पश्चात ग्राम भरौली बचहा जिला उमरिया में प्राचीन बुद्ध स्थल पहुंच कर सभी बुद्ध अनुयायियों द्वारातथागत गौतम बुद्ध की पूजा बुद्ध वंदना त्रिशरण पंचशील से कीगई बुजुर्ग महिला पुरुषों को बस्त्रदान एवं सामूहिक रूप में खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्याख्याता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त आर पी साहू शहडोल ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालक दास पटेल एडवोकेट मुनीम पटेल सुरेश प्रसाद जायसवाल सचिव ग्राम पंचायत बचहा के सरपंच प्रतिनिधि राम प्रसाद साहू आर यस जायसवाल डायरेक्टर इंडियन पब्लिक स्कूल बरही बौद्धाचार्य झल्लू प्रसाद शास्त्री रामकेश राय डॉक्टर पहलाद कुशवाहा गुलाब गुलशन रामसरोवर कुशवाहा पूर्व प्रत्याशी बिजय राघौगढ़ विधानसभा इंजीनियर दीपचंद जायसवाल प्रेमदास मंजू जी अध्यक्ष आर बी एम जिला उमरिया बाबू रामलाल चौधरी पूर्व सरपंच रामलाल चौधरी पेंटर पलझा गोरेलाल जायसवाल सेवा निवृत्त शिक्षक गीता कुशवाहा हरीश भारती राहुल भैया अमित भैया विजय चौधरी कटनी नारायण कुशवाहा मस्तराम राय एसपी गुप्ता यस यल साहू पिंटू सूर्यवंशी राम बर्मन ओमकार कुशवाहा रामकिंकर कुशवाहा नारायण कुशवाहा गोरेलाल जायसवाल भंडारी लाल जी पपौध राम जी कुशवाह लाल कुशवाहा राजा कुशवाहा असली कुशवाहा प्रज्ञानंद कुशवाहा अवध किशोर जैसवाल पापोंध सुखलाल कुशवाहा बचहा रामकरण कुशवाहा नंदलाल कुशवाहा की सराहनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में इनका हुआ सम्मान कल्लू बर्मन कालिया बर्मन कन्या बर्मन सरोज आदिवासी जलेबीया गुड्डी शांति रामदीन दादूराम प्यारेलाल राम अवतार रामस्वरूप मीरा बर्मन राधे लाल।

# जिला कटनी में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत मॉक ड्रिल का आयोजन

**मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया कर घायलों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना एवं संसाधनों की उपलब्धता कराना**

कटनी (हीरालाल जायसबाल )14 मई 25 (उमरिया खबर)।मॉक ड्रिल पुलिस विभागए जिला प्रशासनए अग्निशमन सेवाए स्वास्थ्य विभागए नगर निगमए एसडीआरएफए बाम स्क्वाड टीम जबलपुरए तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से संपन्न हुई। आज दिनांक 12/05/2025 को जिला कटनी में विभिन्न आपात परिस्थितियों से निपटने हेतु एक मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल पुलिस विभाग जिला प्रशासन अग्निशमन सेवा स्वास्थ्य विभाग एसडीआरएफनगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से संपन्न हुई। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया संसाधनों की उपलब्धता और विभागों के मध्य समन्वय की क्षमता का परीक्षण करना था। इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति द्वारा गोलीबारी करना बम के द्वारा आगजनी करना भवन ध्वस्त होने पर घायलों की सहायता एवं सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा संदिग्ध दो व्यक्तियों के हिरासत में लेने की संपूर्ण प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल का संचालन जागृति पार्क में किया गया जहाँ वास्तविक स्थिति की तरह परिदृश्य प्रस्तुत किया गया। जहां संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा गोलीबारी करने एवं आगजनी की सूचना मिलने पर पुलिस.प्रशासन की टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को सुरक्षित निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया गया पुलिस द्वारा घटनास्थल को चारों ओर सुरक्षित कर स्टॉपर लगाकर सुरक्षित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत रंजन के कुशल मार्गदर्शन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।मॉक ड्रिल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरियाए एडीएम श्रीमती साधना परस्तेए नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा सहित सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेटएराजपत्रित अधिकारी विभिन्न विभागों के अधिकारी समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी सहित सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।मॉक ड्रिल में जनसामान्य को भी जागरूक किया गया तथा आपदा के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।


















Swaraj Public Higher Secondary School
English Medium, Affiliated by M.P.B.S.E.
Vacancy

| S.No. | Post | Subject | No. of Post | Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Primary Teacher | English, Hindi, Maths, E.V.S. | 5 | Graduated + D.ED/D.Eld |
| 2 | High School Teacher | English, Hindi, Maths, Science, Social Science, Sanskrit | 5 | Post Graduated (with concerned subjects) + B.ED |
| 3 | Higher Secondary School Teacher | Chemistry, Biology, Maths, Accountancy, Bussiness Studies, Economics, History, Sociology, Political Science | 5 | Post Graduated (with concerned subjects) + B.ED |
| 4 | Computer Operator | - | 1 | B.C.A. / PGDCA |
| 5 | Sports Teacher | - | 1 | B.PEd |
| 6 | Security Guard | - | 2 | Gun (with licence) |

Collect Application form from office.
Office Hours - 10am To 4pm Contact - 9993315592, 9827585575
Address :- Bansal Complex, Signal Tola, Umaria, Distt. - Umaria, M.P.

